सब्जियों में कम लागत संरक्षित खेती का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुन्द द्वारा संचालित एवं भा. कृ. अनु. प. – राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर द्वारा प्रायोजित ''बायोटेक किसान हब'' परियोजनांर्गत ''आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन करने हेतु दिनांक 06–10.12.2021 के मध्य ''सब्जियों की कम लागत संरक्षित खेती का प्रदर्शन सह प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा सब्जियों की कम लागत संरक्षित खेती से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी जिसमें सब्जियों की पौध तैयार करना, संरक्षित खेती हेतु संरचना निर्माण, स्थल का चयन, मृदा एवं जल परिक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन, विभिन्न कृषि क्रियाएं की जानकारी कृषक बंधुओं को प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम में जिले में संरक्षित खेती करने वाले प्रगतिशील कृषक के द्वारा भी प्रशिक्षणार्थी कृषक बंधुओं सें चर्चा की जायेगी जिससे संरक्षित खेती को अपनाने के इच्छुक कृषक बंधुओं को संरक्षित खेती अपनाने से होने वाली लाभ हानि, उनमें आने वाली परेशानियां एवं उसके समाधान एवं अन्य व्यवहारिक बातों की जानकारी भी लेने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त कार्यकम डॉ पी. मूवेन्थन, वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प. – राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर एवं डॉ सतीश कुमार वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुन्द का मार्गदर्शन में आयोजित किया जायेगा।